**परिशिष्ट**

**प्राइमरी वन दाखिला प्रणाली (Primary One Admission)**

**(सितंबर 2025 में प्राइमरी वन के लिए दाखिला)**

**सूचना नोट**

प्राइमरी वन दाखिला प्रणाली (Primary One Admission) (POA) को दो चरणों में बांटा गया है: "विवेकाधीन स्थान दाखिला" ("Discretionary Places Admission") चरण और "केंद्रीय आवंटन" ("Central Allocation") चरण।

## (I) विवेकाधीन स्थान दाखिला (Discretionary Places Admission) चरण

- माता-पिता **18 नवंबर 2024 को सुबह 10** बजे से POA ई-प्लेटफार्म (ePOA) के माध्यम से विवेकाधीन स्थानों (discretionary places admission) के दाखिले के परिणामों को देख पायेंगेI सभी सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों द्वारा भी परिणाम उसी दिन जारी किए जाएंगे। सफल आवेदक बच्चों के नाम संबंधित स्कूलों में लगा दिए जाएंगे।
- माता-पिता को अपने बच्चे को **20 या 21 नवंबर 2024** को स्कूल में पंजीकृत कराना चाहिए। निर्दिष्ट अवधि के भीतर स्कूल के साथ पंजीकरण करने में विफलता के कारण उन्हें दिया जाने वाला विवेकाधीन स्थानों (discretionary place) का समर्पण हो जाएगा। यदि ऐसा होता है कि स्कूल अंतत: 2025/2026 स्कूल वर्ष में किसी भी सब्सिडी वाली P1 कक्षा को संचालित नहीं करता है, तो "विवेकाधीन स्थान दाखिला" ("Discretionary Places Admission") चरण के दौरान स्कूल द्वारा प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए वैकल्पिक P1 स्थानों की व्यवस्था शिक्षा ब्यूरो (Education Bureau (EDB)) द्वारा की जाएगी।

## (II) केंद्रीय आवंटन (Central Allocation) चरण

(a) भागीदारी

- जिन बच्चों को विवेकाधीन स्थान (discretionary place) की पेशकश नहीं की गई है, वे केंद्रीय आवंटन (Central Allocation) में भाग लेंगे।
- माता-पिता को EDB द्वारा **13 से 19 जनवरी 2025 (रात 11:59 बजे तक) को** ePOA के माध्यम से स्कूल विकल्प फॉर्म (Choice of Schools Form) जमा करने या **18 से 19 जनवरी 2025** को निर्धारित केंद्रीय आवंटन (Central Allocation) केंद्र पर स्कूलों का चयन करने के लिए लिखित रूप से सूचित किया जाएगा।
- माता-पिता 2 श्रेणियों के तहत स्कूलों के विकल्प चुनेंगे:

  भाग A
  - केंद्रीय आवंटन (Central Allocation) के लिए स्कूल के P1 स्थानों में से 10% इस भाग के लिए निश्चित किए गए हैं।
  - माता-पिता किसी भी स्कूल नेट से 3 स्कूलों तक का चयन कर सकते हैं।

  भाग B
  - केंद्रीय आवंटन (Central Allocation) के लिए स्कूल के P1 स्थानों में से 90% इस भाग के लिए निश्चित किए गए हैं।
  - माता-पिता को अपने घर के नेट में स्कूलों का चयन करना चाहिए*।

(b) केंद्रीय आवंटन (Central Allocation) के परिणामों का प्रकाशन

- माता पिता ePOA के माध्यम से **4 जून 2025 को सुबह 10** बजे से केंद्रीय आवंटन (Central Allocation) के परिणामों को देख सकते हैं। इसके अलावा केंद्रीय आवंटन (Central Allocation) के परिणामों के साथ 'प्राइमरी वन पंजीकरण फॉर्म' ('Primary One Registration Form') माता-पिता को **4 जून से 5 जून 2025** तक POA आवेदन पत्र में प्रदान किये गए पत्राचार के पते पर हांगकांग पोस्ट (Hongkong Post) द्वारा प्रदान की गई 'लोकल कोरियर पोस्ट' ('Local CourierPost') सेवा के माध्यम से घर-घर वितरित किया जाएगा। यदि हांगकांग पोस्ट (Hongkong Post) द्वारा डाक वितरण के समय मेल आइटम प्राप्त करने के लिए कोई भी मौजूद नहीं होगा, तो माता-पिता के लिए एक 'मेल कलेक्शन नोटिफिकेशन कार्ड' ('Mail Collection Notification Card') छोड़

दिया जाएगा ताकि वह नामित डाक घर से इसे अगले कार्य-दिन की दोपहर के बाद से एकत्र कर सकें। यदि माता-पिता को 6 जून 2025 तक हांगकांग पोस्ट (Hongkong Post) द्वारा जारी 'प्राइमरी वन पंजीकरण फॉर्म' ('Primary One Registration Form') या 'मेल कलेक्शन नोटिफिकेशन कार्ड' ('Mail Collection Notification Card') प्राप्त नहीं हुआ है, तो वे 7 जून से 8 जून 2025 तक नामित 'संग्रह केंद्र' से 'प्राइमरी वन पंजीकरण फॉर्म' ('Primary One Registration Form') ले सकते हैं (कृपया नवीनतम व्यवस्थाओं के लिए EDB POA वेबसाइट देखें)। यदि माता-पिता ने स्कूल विकल्प फॉर्म (Choice of Schools Form) पर एक मोबाइल फोन नंबर प्रदान किया है और इस मोबाइल फोन नंबर के माध्यम से केंद्रीय आवंटन (Central Allocation) परिणाम प्राप्त करने के लिए अपनी सहमति का संकेत दिया है, तो वे 4 जून को एसएमएस (SMS) संदेश के माध्यम से भी परिणाम प्राप्त करेंगे।)

- माता-पिता को निर्दिष्ट अवधि के भीतर आवंटित स्कूल में बच्चे को पंजीकृत करना होगा।

## (III) पूछताछ

POA प्रणाली पर पूछताछ के लिए, School Places Allocation Section, EDB के Mr Jimmy WAN (टेलीफोन: 2832 7640) या Mr Esther CHAN (टेलीफोन: 2832 7636) से संपर्क करें।

* NCS बच्चों के माता-पिता / अभिभावकों को चीनी भाषा के माहौल वाले स्कूलों को चुनने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ताकि उन्हें चीनी भाषा सीखने और समाज में घुलने मिलने में सहायता मिले। सार्वजनिक क्षेत्र के अधिकांश स्कूलों में, जिनमें आवेदक बच्चों के आवासीय विद्यालय नेट में स्कूलों की सूची शामिल है, चीनी भाषा का वातावरण है। विशिष्ट स्कूलों द्वारा NCS छात्रों को प्रदान किए जाने वाले स्कूल-आधारित सहायता उपायों के लिए, कृप्या प्राइमरी स्कूल प्रोफाइल (Primary School Profiles) (https://www.chsc.hk/primary/en) में होम-स्कूल सहयोग समिति (Committee on Home-School Co-operation) द्वारा प्रकाशित "NCS विद्यार्थियों के लिए शिक्षण सहयोग" ("Education Support for NCS Students") का कॉलम देखें। उपर्युक्त के संबंध में, यदि माता-पिता/अभिभावकों को लगता है कि आवेदक बच्चों को अभी भी इस स्तर पर चीनी भाषा वाले माहौल के स्कूल में पढ़ने में कठिनाई हो सकती है, और केंद्रीय आवंटन (Central Allocation) के लिए स्कूल विकल्प फॉर्म (Choice of Schools Form) के भाग B को भरते समय आवेदन पत्र पर संकेत करते हैं कि आवेदक बच्चा शिक्षण के लिए चीनी का उपयोग नहीं कर सकता है, तो वे आवेदक बच्चों के मौजूदा स्कूल नेट में स्कूलों की सूची से चुन सकते हैं और पारंपरिक रूप से परिशिष्ट 3 में अधिक NCS छात्रों को स्वीकार करने वाले स्कूलों की सूची में POA 2025 के लिए 'प्राइमरी वन में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र' को कैसे पूरा करें इस पर नोट्स का (Notes on How to Complete the 'Application Form for Admission to Primary One') संदर्भ दे सकते हैं।

[अंग्रेजी और नेपाली/ उर्दू/ हिंदी/ तागालोग/ थाई/ बहासा इंडोनेशिया/ पंजाबी (भारतीय)/ वियतनामी संस्करणों के बीच विसंगतियों के मामले में, अंग्रेजी संस्करण लागू होगा और प्रबल होगा।]

(Hindi Version)